



# नामांकरण, बटवारे के प्रकरण निराकृत करें : डीएम

## राजस्व अधिकारियों की बैठक में कलेक्टर ने कहा– टैम्पल रिकार्ड पोर्टल पर आई आपत्तियों का निराकरण तत्परता से करें

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 25 मार्च।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा ने कहा कि सभी राजस्व अधिकारी अपने-अपने न्यायालयों में नियमित रूप से बैठे तथा राजस्व प्रकरणों का निराकरण सुनिश्चित करें, उन्होने कहा कि सभी राजस्व अधिकारी नामांतरण, सीमांकन, बटवारा प्रकरणों का निराकरण समय सीमा में करना सुनिश्चित करें, इसके साथ ही उन्होंने कहा कि अविवादित नामांतरण और बंटवारे के सभी प्रकरण इसी सप्ताह निराकृत कर रिपोर्ट प्रस्तुत की जायें। वे आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित राजस्व अधिकारियों की बैठक के दौरान दिशा-निर्देश दे रहे थे।



इस अवसर पर अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय, एसडीएम श्योपुर गगन सिंह मीणा, विजयपुर अभिषेक मिश्रा, कराहल बीएस श्रीवास्तव, डिप्टी कलेक्टर संजय जैन, एसएलआर कुलदीप बोहरे सहित सभी तहसीलदार, नायब तहसीलदार उपस्थित थे।

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा ने अविवादित नामांतरण प्रकरणों की समीक्षा के दौरान निर्देश दिये कि गोरस वृत्त में सबसे कम 86.60 प्रतिशत निराकरण है, विजयपुर में सर्वाधित 94.90 प्रतिशत निराकरण है। उन्होने कहा कि सभी राजस्व अधिकारी नामांतरण प्रकरणों का शत प्रतिशत निराकरण सुनिश्चित करें। इसके साथ ही अविवादित बटवारा प्रकरणों की समीक्षा में पाया गया कि पहेला का निराकरण प्रतिशत सबसे कम 58.14 प्रतिशत है तथा गोरस एवं रघुनाथपुर द्वारा 100 प्रतिशत निराकरण किया गया है। इसी प्रकार सीमांकन का कुल निराकरण प्रतिशत 98.60 पाया गया, विजयपुर, प्रेमसर, पाण्डोला, वीरपुर, अगरा, मानपुर में शत प्रतिशत निराकरण पाया गया।

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा ने निर्देश दिये कि अ-16 से संबंधित वसूली प्रकरण दर्ज करते हुए राजस्व वसूली सुनिश्चित की जायें तथा नवीन राजस्व वर्ष में वसूली का कार्य अप्रैल की शुरूआत से ही शुरू कर दिया जायें। इसके साथ ही उन्होंने शत प्रतिशत किसानों की फार्मर रजिस्ट्री का कार्य पूर्ण कराये जाने के निर्देश भी दिये। उन्होंने कहा कि टैम्पल रिकार्ड पोर्टल पर दर्ज आपत्तियों का तत्परता से निराकरण किया जायें। यह पोर्टल श्योपुर जिले में मंदिरों की भूमि से संबंधित जानकारी के लिए ऑनलाइन उपलब्ध है। कोई भी नागरिक मंदिर की भूमि किसके नाम दर्ज है, इसकी जानकारी देख सकता है तथा रेज ऑव्जेक्शन विकल्प के माध्यम से आपत्ति या सुझाव ऑनलाइन प्रस्तुत किये जा सकते है, यह पहल प्रशासन की पारदर्शी कार्यप्रणाली और जनभागीदारी को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि राजस्व अधिकारी इस पोर्टल पर प्राप्त तथ्यात्मक आपत्ति का निराकरण सुनिश्चित करें।

# विश्व क्षय दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 25 मार्च।** विश्व क्षय दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिला चिकित्सालय के सभागार में राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गुड्डी बाई आदिवासी, अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय, एसडीएम गगन सिंह मीणा, सीएमएचओ डॉ दिलीप सिकरवार, विधायक प्रतिनिधि डॉ शहजाद, जिला क्षय अधिकारी डॉ यतेन्द्र सिंह रावत, जिला मलेरिया अधिकारी डॉ एसएन बिदंल, डॉ गजेन्द्र धाकड़ आदि उपस्थित थे।




कार्यक्रम के दौरान टीबी मुक्त भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु सभी से सहयोग की अपील की गई कि टीबी एक संक्रामक लेकिन पूर्णत: उपचार योग्य बीमारी है, समय पर जांच एवं उपचार से यह पूरी तरह ठीक हो जाती है। सरकार द्वारा टीबी मरीजों को नि:शुल्क जांच एवं उपचार की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। साथ ही, मरीजों को पोषण सहायता भी प्रदान की जाती है।

किसी व्यक्ति में टीबी के लक्षण दिखाई दें तो तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर जांच कराएं और उपचार प्रारंभ करें। कार्यक्रम में अंत में टीबी उन्मूलन के लिए सहयोग एवं प्रयासों के संबंध में शपथ भी ली गई। विश्व क्षय दिवस के अवसर पर उक्त कार्यक्रम के अलावा प्रेरणा वृद्धाश्रम एवं जिला जेल में टीबी जांच शिविर भी लगाये गये। जिसमे टीबी रोग के स्क्रीनिंग की गई तथा सेम्पल कलेक्ट किये गए। इसके साथ ही उप स्वास्थ्य केन्द्रों पर आशा, एएनएम, सीएचओ एवं स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं द्वारा घर-घर जाकर संभावित टीबी मरीजों की पहचान की गई तथा सैंपल लेकर जांच हेतु भेजे गए।



# खितरपाल में मलेरिया नियंत्रण पर समुदाय बैठक आयोजित

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 25 मार्च।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा के मार्गदर्शन एवं जिला मलेरिया अधिकारी डॉ एसएन बिंदल के निर्देशन में ग्राम खितरपाल में मच्छरों की रोकथाम एवं मलेरिया नियंत्रण के लिए समुदाय बैठक का आयोजन कर उपस्थित जन समुदाय को मच्छरों एवं मलेरिया के नियंत्रण के बारे में जानकारी प्रदान की गई।

इस अवसर पर एमटीएस साहिब कुरैशी द्वारा बताया गया कि आने वाले समय में मलेरिया से बचाव हेतु घर एवं आस पास अनावश्यक पानी का जमाव ना होने दें और मच्छरदानी का उपयोग करें, शाम के समय घर के अंदर नीम की पत्तिओं का धुँआ करने की सलाह भी दी गई। इसके साथ ही मलेरिया रोग के लक्षण, जांच एवं उपचार की जानकारी देते हुए बताया कि कोई भी बुखार मलेरिया हो सकता है, इसलिए बुखार आने पर तुरंत खून की जाँच करायें। इस अवसर पर बीसीएम कमल किशोर, जीतेन्द्र शाक्य, आशा सुपरवाइजर, आशा कार्यकर्त्ता आदि उपस्थित रही।

# जनगणना के लिए आबादी नक्शे तैयार करने के निर्देश

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 25 मार्च।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा ने कहा कि जनगणना 2027 का कार्य जारी है, इसके तहत प्रथम चरण में 1 मई से 30 मई 2026 तक मकान सूचीकरण का कार्य संपन्न होगा तथा द्वितीय चरण का कार्य फरवरी 2027 में संपन्न कराया जायेगा। जनगणना के लिए तहसीलवार एवं निकायवार चार्ज जनगणना अधिकारी नियुक्त कर दिये गये है। प्रथम चरण में मकान सूचीकरण के लिए आबादी नक्शे तैयार किये जायें, जिससे गणना ब्लॉक का निर्धारण करते हुए प्रगणकों को दायित्व सौपे जायेंगे। नगरीय निकाय के अधिकारी एवं राजस्व अधिकारी आबादी नक्शे तैयार करने का कार्य सुनिश्चित करें। वे आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय सीमा की बैठक के दौरान अधिकारियों को दिशा-निर्देश प्रदान कर रहे थे।

**समयसीमा की बैठक आयोजित, जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत प्राचीन बावड़ियों का जीर्णोद्धार करें : डीएम**



इस अवसर पर एसडीएम कराहल बीएस श्रीवास्तव, डिप्टी कलेक्टर संजय जैन एवं विजय शाक्य सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा ने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत जल संरक्षण एवं जल संवर्धन के कार्यो में आमजन की सहभागिता सुनिश्चित की जायें तथा प्राचीन कुएं एवं बावडियों के जीर्णोद्धार का कार्य किया जायें। अभियान के तहत बावडियों की साफ-सफाई के साथ ही रंग-रोगन करते हुए उन्हें संरक्षित करने के लिए कार्य किये जायें। इसके साथ ही अन्य प्राकृतिक जल स्त्रोतों की साफ-सफाई के लिए आमजन को प्रेरित किया जायें।

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा ने निर्देश दिये कि 7 अप्रैल से समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी के लिए उपार्जन केन्द्रों पर सभी प्रकार की व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जायें।

समर्थन मूल्य पर गेहूं का विक्रय करने वाले किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पडे, इसके लिए पूर्व से सभी तैयारियां की जायें। उन्होंने कहा कि जिले में 18 हजार 433 किसानों द्वारा गेहूं विक्रय के लिए पंजीयन कराया गया है।

**अधिकारियों को भ्रमण करने के दिए निर्देश**

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा द्वारा टीएल बैठक के दौरान सभी अधिकारियों को निर्देश दिये कि सीएम हेल्पलाइन एवं जनसुनवाई के प्राप्त आवेदनों का निराकरण समय सीमा में सुनिश्चित किया जायें। इसके साथ ही उन्होंने अधिकारियों को क्षेत्र भ्रमण करने के निर्देश दियें। उन्होंने कहा कि अधिकारी भ्रमण के दौरान बुनियादी सुविधाओं का आंकलन करें, विशेषकर पेयजल से संबंधित समस्याओं का निराकरण प्राथमिकता से किया जायें।

## एक नजर में

### मुख्यमंत्री कृषक जीवन कल्याण योजना अंतर्गत सहायता राशि स्वीकृत

**श्योपुर, 25 मार्च।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा द्वारा मुख्यमंत्री कृषक जीवन कल्याण योजना के तहत परिजनों को 4 लाख रूपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत करते हुए मृतक की पत्नि श्रीमती बैजंती धाकड को स्वीकृति पत्र प्रदान किया गया। उल्लेखनीय है कि स्व. श्री रामचरण धाकड निवासी बैनीपुरा तहसील विजयपुर की कृषि कार्य करते समय करंट लग जाने से मृत्यु हो गई थी, इस प्रकरण में मृतक स्व. श्री रामचरण धाकड के निकटतम वारिस उसकी पत्नि श्रीमती बैजंती धाकड के नाम 4 लाख रूपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है।



### प्रदेशभर में पशु टीकाकरण अंतर्गत श्योपुर जिला अव्वल

**श्योपुर।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा के मार्गदर्शन में श्योपुर जिले में राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत आयोजित पशु टीकाकरण में प्रदेशभर में पहला स्थान प्राप्त किया है। यह सफलता कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा के कुशल निर्देशन में पशुपालन विभाग श्योपुर द्वारा अर्जित की गई है। उप संचालक पशुपालन डॉ सुभाषबाबू दौहरे ने बताया कि श्योपुर जिले में राष्ट्रीय पशुरोग नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत खुरपका-मुंहपका टीकाकरण अभियान का सफल संचालन किया गया। जिले में कुल 3,62,600 पशुओं के टीकाकरण का लक्ष्य निर्धारित किया गया था, जिसके विरुद्ध 3,52,551 पशुओं का सफल टीकाकरण किया जा चुका है, 97 प्रतिशत उपलब्धि पर श्योपुर जिले को प्रदेशभर में पहला स्थान प्राप्त हुआ है। इस सफलता में जिला प्रशासन सहित पशुपालन विभाग के अधिकारियों, पशु चिकित्सा अधिकारियों, फील्ड स्टाफ एवं संबंधित सभी कर्मचारियों सहित पशुपालकों का सराहनीय सहयोग प्राप्त हुआ है।



### वंदेमातरम् गायन का जिला स्तरीय कार्यक्रम 26 को

**श्योपुर।** भारत सरकार द्वारा वंदेमातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित विभिन्न चरणों में कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है, इसी क्रम में 23 मार्च शहीद दिवस से 30 मार्च 2026 तक वंदेमातरम् विशेष चरण कार्यक्रम के तहत कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन 26 मार्च को प्रात: 11 बजे से निषादराज भवन जिला पंचायत परिसर में आयोजित किया गया है। अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय द्वारा उक्त आयोजन के संबंध में विभिन्न अधिकारियों को दायित्व सौपे गये है। उल्लेखनीय है कि संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार द्वारा वंदेमातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न चरणों में कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है, इसी क्रम में 23 मार्च 2026 से 30 मार्च 2026 तक वंदेमातरम् विशेष चरण आयोजित किया जा रहा है। जिसका उद्देश्य स्वतंत्रता संग्राम के वीर शहीदों को श्रंद्धाजलि अर्पित करते हुए वंदेमातरम् के इतिहास भाव और राष्ट्रीय चेतना को जन-जन तक पहुंचाना है।

# अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के द्वितीय दिवस वैज्ञानिकों, प्राध्यापकों की रही भागीदारी

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 25 मार्च।** पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय श्योपुर के भौतिकी विभाग द्वारा आयोजित तीन दिवसीय अंर्तराष्ट्रीय सम्मेलन इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन मटेरियल, नैनोकॉम्पोजिट्स एंड कम्प्यूटेशनल फिजिक्स (आईसीएमएनसीपी-2026) के दूसरे दिन का आयोजन बड़े उत्साह एवं शैक्षणिक गरिमा के साथ संपन्न हुआ। 23 से 25 मार्च तक चल रहे इस सम्मेलन में देश-विदेश के वैज्ञानिकों, प्राध्यापकों एवं शोधार्थियों की सक्रिय भागीदारी देखने को मिल रही है। आज के सत्रों में विभिन्न विशेषज्ञ वक्ताओं ने एडवांस्ड मटेरियल, नैनोकॉम्पोजिट्स तथा कम्प्यूटेशनल फिजिक्स के नवीनतम शोध एवं अनुप्रयोगों पर अपने व्याख्यान प्रस्तुत किए।

**रिडक्शन फॉर ग्रीन एनर्जी फ्यूल सहित अन्य विषयों पर व्याख्यान हुए**




द्वितीय दिवस की शुरुआत दिल्ली विश्वविद्यालय से आए डॉ. पी. डी. सहारे के व्याख्यान से हुई। इसके बाद डिपार्टमेंट ऑफ अप्लाइड साइंस एंड ह्यूमैनिटीज, बांदा (उत्तर प्रदेश) से डॉ. मनोज कुमार सिंह ने च्च्फंडामेंटल इनसाइट्स एंड एडवांस्ड डेवलपमेंट इन सुपरकैपेसिटर्सज्ज विषय पर व्याख्यान देते हुए एनर्जी स्टोरेज डिवाइसेज की वर्तमान चुनौतियों एवं उनके अनुप्रयोगों के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

इसके पश्चात इंदिरा गांधी नेशनल ट्राइबल यूनिवर्सिटी, अमरकंटक से डॉ. भारती जारवाल ने च्चसिग्नल ऑफक्वार्क ग्लूऑन प्लाज्मा फॉर्मेशनज्ज विषय पर अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया। स्वान्सिया यूनिवर्सिटी, यूनाइटेड किंगडम से डॉ. राम दत्त ने ऑनलाइन माध्यम से जुड़कर च्चऑर्गेनिक फोटोवोल्टिक टेक्नोलॉजीज्ज पर सारगर्भित जानकारी प्रदान की।

द्वितीय सत्र में इटली के रोम स्थित इरिटेली ट्रेडिंग कंपनी से डॉ. महमूद जेंडेहडल ने रिडक्शन फॉर ग्रीन एनर्जी फ्यूल विषय पर अपना वक्तव्य दिया। इसके साथ ही डॉ. नर्गिस याघोबी निया (रोम, इटली) ने पेरोव्स्काइट मटेरियल नेक्स्ट जेनरेशन सॉल्यूशन फॉर एडवांस्ड मटेरियल विषय पर महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की।

सेंट्रल यूनिवर्सिटी ऑफ हिमाचल प्रदेश से डॉ. प्रमोद कुमार ने च्च्हाइब्रिड नैनोकेरियर्सरू आयरन ऑक्साइड डोप्ड सिस्टम फॉर ड्रग डिलीवरीज्ज विषय पर महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। वहीं, इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के शोधार्थी हरिशंकर सुमन ने च्चपेरोव्स्काइट सोलर सेलज्ज पर अपने शोध कार्य का प्रस्तुतीकरण किया, जिसमें डिवाइस फेब्रिकेशन एवं कैरेक्टराइजेशन पर विशेष जोर दिया गया।

द्वितीय दिवस के अंतिम सत्र में राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर के शोधार्थियों एवं विद्वानों द्वारा पोस्टर एवं मौखिक (ओरल) प्रस्तुतियों के माध्यम से अपने शोध कार्यों का प्रभावशाली प्रदर्शन किया गया। यह सम्मेलन कल समापन सत्र एवं प्रमाण-पत्र वितरण के साथ संपन्न होगा।

**आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उपयोग को समझाया**

इसके अलावा पेरिस (फ्रांस) से डॉ. पीयूष स्वामी ने ऑनलाइन माध्यम से च्च्फ्रॉम न्यूरल सिग्नल टू इंटेलिजेंट इंटरफेसरू फ्यूजन ऑफ बायोलॉजी, फिजिक्स एंड एआईज्ज विषय पर व्याख्यान देते हुए आधुनिक चिकित्सा तकनीक में फिजिक्स और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उपयोग को समझाया। कार्यक्रम के अंतिम वक्ता के रूप में सेंट्रल यूनिवर्सिटी ऑफतमिलनाडु से डॉ. अमित कुमार बजाज ऑनलाइन माध्यम से सम्मेलन में जुड़े।

# चैत की धूप में बबूल की छांव, चरवाहों से चर्चा



श्योपुर, 25 मार्च 2026

चौत की चिलचिलाती धूप में बबूल की छॉव भी प्रकृति का ऐसा वरदान है, जिसके नीचे निरीह प्राणी पशु भी सुकून की तलाश में पनाह लेते है। ऐसा ही दृश्य आज बडौदा-श्योपुर रोड पर पाण्डोला के समीप देखने को मिला, जब कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा फील्ड भ्रमण के दौरान वापस जिला मुख्यालय लौट रहे थे। सरसों के कटे हुए खेत में दूर-दूर तक फेली धूप से बचने के लिए दो पेडो के नीचे पनाह लिये हुए भेड और बकरियों के झुण्ड को देखकर वे रूक गये और कौतुहल वश अनायास खेतो में चलकर उस स्थान पर पहुंचे, जहां भेड और बकरियां खेत में खडे बबूल के पेड के नीचे छॉव में बैठकर सुस्ता रही थी और पास ही चरवाहे भी आराम कर रहे थे।

कलेक्टर वर्मा को बातचीत में चरवाहों ने बताया कि भेड और बकरियों को चराने के लिए लेकर आये है, क्योंकि चौत में फसल कटने के बाद खेत खाली हो जाते है और खेत में सरसों आदि के डंठल और गेहूं का भूसा चारे के रूप में आसानी से उपलब्ध हो जाता है। नंदा गुर्जर ने बताया कि 150-150 के दो झुण्ड है, जिनमें बकरियां और भेड है। चौत की चिलचिलाती दुपहरी में धूप की तपन से राहत पाने के लिए बकरियां पेडो के नीचे छॉव में बैठ गई है। नंदा गुर्जर ने यह भी बताया कि भेड का दूध बडे काम का होता है, जिन लोगों के फैक्चर हो जाता है, उन्हें भेड के दूध की आवश्यकता होती है, इसका दूध पीने से हड्डी जल्दी जुड जाती है, इसलिए अक्सर लोग उनके पास भेड का दूध लेने के लिए आते है और वह उन लोगों को निशुल्क रूप से भेड का दूध उपलब्ध करा देते है, इसके लिए वे किसी से एक भी पैसा नही लेते है।



# ढोढर में स्वास्थ्य शिविर आयोजित

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 25 मार्च।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा के मार्गदर्शन में आयुष विभाग द्वारा आंगनबाडी केन्द्र ढोढार में आयुष स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिला आयुष अधिकारी डॉ जीपी वर्मा ने बताया कि आयोजित शिविर में आयुष चिकित्सक डॉ हेमराज नागर एवं महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता श्रीमती चिंतामणि द्वारा 46 रोगियों की जांच कर उनका उपचार प्रदान करते हुए औषधि वितरण किया गया।

# जल संवर्धन पर रैली का आयोजन, शपथ भी ली



**श्योपुर, 25 मार्च।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद ब्लॉक कराहल ब्लॉक समन्वयक श्रीमती नीतू गौतम के निर्देशन में आज लक्ष्मीबाई कॉन्वेंट स्कूल बगवाज पर छात्रों के द्वारा जल संवर्धन पर शपथ ली गई और छात्रों के द्वारा रैली निकाल कर जल संवर्धन के प्रति लोगों को जल के महत्व के बारे में बताया गया।

साथ ही संस्था के सदस्यों एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति सदस्यों द्वारा छात्रों को जल की उपयोगिता, महत्व के संबंध में बताते हुए जल का अपव्यय रोकने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही जल स्त्रोतों की साफ-सफाई के प्रति जागरूक किया गया। नवांकुर संस्था मानव फाउंडेशन के द्वारा बच्चों को खेल-खेल में जल ही जीवन है विषय पर विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से जागरूक किया गया। साथ ही गायत्री मंदिर पर दीपदान कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। इस अवसर पर परामर्शदाता दीपक दुबे एवं प्रस्फुटन समिति से ब्रजनेश सिंह परिहार आदि उपस्थित रहे।

# कलेक्टर ने किया आयुर्वेद औषधालयों का आकस्मिक निरीक्षण

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 25 मार्च।** कलेक्टर अर्पित वर्मा ने आज आयुष विभाग अंतर्गत संचालित आयुर्वेद औषधालयों प्रेमसर एवं पाण्डोला का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। इस दौरान औषधालयों में आवश्यक व्यवस्थाएं एवं सुविधाएं नही होने तथा विभागीय मॉनीटरिंग की कमी पाये जाने पर जिला आयुष अधिकारी डॉ जीपी वर्मा को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये गये।

**जिला आयुष अधिकारी को नोटिस जारी करने के निर्देश**



कलेक्टर द्वारा ग्राम प्रेमसर में आयुर्वेद औषधालय के निरीक्षण के दौरान ओपीडी रजिस्टर, दवा स्टॉक रजिस्टर तथा उपलब्ध दवाओं के भण्डारण एवं वितरण की स्थिति का जायजा लिया गया। उपस्थित महिला आयुर्वेद स्वास्थ्य कार्यकर्ता श्रीमती हीराबेटी ने बताया कि ओपीडी में नियमित रूप से रोगियों का परीक्षण किया जा रहा है तथा औषधालय में उपलब्ध दवाओं का वितरण किया जाता है। इसी प्रकार पाण्डोला स्थित औषधालय के निरीक्षण के दौरान डॉ चित्रा गुप्ता को निर्देश दिये कि ओपीडी का संचालन व्यवस्थित रूप से समय पर किया जायें तथा नियमित रूप से औषधालय की साफ-सफाई कराई जायें।